## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–10 मई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- आतंकवाद के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ भारत के नागरिक ठिकानों को निशाना बना रहा है पाकिस्तान, सशस्त्र बलों की सतर्कता से नाकाम किये जा रहे हैं हमले।
- भारत ने चार सौ ड्रोनों की मदद से किए गए घुसपैठ के प्रयासों को किया नाकाम, जम्मू कश्मीर में घुसपैठ का प्रयास करते सात आतंकवादी मारे गये।
- भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीनों सेनाओं के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक में हुए शामिल, रक्षा मंत्री और गृह मंत्री ने भी अलग अलग बैठकें कर कीं स्थिति की समीक्षा।
- सरकार ने जमाखोरी से बचने की अपील की, केंद्रीय खाद्य मंत्री ने कहा–देश में सभी आवश्यक वस्तुओं के पर्याप्त स्टॉक मौजूद हैं।

**********

भारत द्वारा आतंकवादियों के विरूद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ पाकिस्तान भारत के नागरिक ठिकानों पर निशाना बना रहा है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार पाकिस्तान के एक सशस्त्र ड्रोन ने कल पंजाब के फिरोजपुर में एक नागरिक क्षेत्र को निशाना बनाया, जिसमें एक ही परिवार के तीन सदस्य घायल हो गये। घायलों को तुरंत चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के साथ ही सुरक्षा बलों द्वारा क्षेत्र को साफ कर दिया गया। मंत्रालय ने सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों को घर के अंदर रहने, अनावश्यक आवाजाही सीमित करने और स्थानीय अधिकारियों की ओर से जारी सुरक्षा निर्देशों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी है। एक रिपोर्ट–

**मंत्रालय के अनुसार देश के उत्तर में बारामूला से लेकर दक्षिण में भुज तक अन्तर्राष्ट्रीय सीमा और पाकिस्तान से लगे नियंत्रण रेखा पर छब्बीस स्थानों पर संदिग्ध ड्रोन देखे गए। भारतीय सशस्त्र बल उच्च स्तर की सतर्कता बनाए हुए हैं और ऐसे सभी हवाई खतरों को काउंटर ड्रोन सिस्टम का उपयोग करके ट्रैक करके निपटाया जा रहा है। रक्षा सूत्रों का कहना है कि स्थिति पर कड़ी और निरंतर निगरानी रखी जा रही है और जहां भी आवश्यक हो त्वरित कार्रवाई की जा रही है। मंत्रालय ने लोगों से सतर्कता बरतने की अपील करने के साथ ही कहा है कि लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन सतर्कता और एहतियात बरतना आवश्यक है। समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश पाठक।**

पाकिस्तान ने आठ मई की रात को भी करीब चार सौ ड्रोनों का इस्तेमाल करते हुए लेह से सरक्रिक तक छत्तीस स्थानों पर घुसपैठ करने का प्रयास किया। नई दिल्ली में विशेष संवाददाता सम्मेलन में भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने समूची पश्चिमी सीमा पर कई बार भारतीय हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया और सैन्य ढांचे को लक्ष्य बनाने की कोशिश की।

**अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर लेह से लेकर सरक्रीक तक 36 स्थानों पर 300 से 400 लगभग दोनों का इस्तेमाल घुसपैठ का प्रयास करने के लिए किया गया। भारतीय सशस्त्र बलों ने काइनेटिक व नॉन काइनेटिक साधनों का उपयोग करके इनमें से कई ड्रोन को मार गिराया। इतने बड़े पैमाने पर हवाई घुसपैठों का संभावित उद्देश्य वायु रक्षा प्रणालियों का परीक्षण करना और खुफिया जानकारी इकट्ठा करना था।**

कर्नल कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा पर भारी हथियारों से गोलाबारी की। बडे पैमाने पर हवाई घुसपैठ का लक्ष्य वायु रक्षा प्रणाली का परीक्षण और खुफिया जानकारी हासिल करना था। उन्होंने कहा कि ड्रोनों के मलबे की फोरेंसिक जांच की जा रही है और प्रारंभिक खबरों से पता चलता है कि ये तुर्किए में बने असगार्ड सोन्गर ड्रोन थे। उन्होंने नागरिक विमानों का इस्तेमाल ढाल के रूप में करने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की।

**7 में 2025 को रात 8रू30 बजे एक असफल का कारण हमला करने के बावजूद पाकिस्तान ने अपना नागरिक हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया। पाकिस्तान अपने नागरिक विमान को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है जबकि उसे अच्छी तरह से पता है कि भारत पर उसके हमले से हवाई रक्षा की तीव्र प्रतिक्रिया होगी। यह भारत और पाकिस्तान के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास उड़ान भरने वाले अंतरराष्ट्रीय उड़ानों सहित नागरिक विमानन के लिए सुरक्षित नहीं है।**

इस अवसर पर विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि पाकिस्तानी  हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र ड्रोन पाकिस्तान में चार हवाई रक्षा ठिकानों पर दागे गए और इनमें से एक ड्रोन पाकिस्तान के एडी रडार को नष्ट करने में सक्षम रहा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा पर भारी तोपों और सशस्त्र ड्रोनों का इस्तेमाल करते हुए गोले बरसाए, जिनमें कुछ भारतीय सैनिक हताहत हुए। भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तानी सेना को भी भारी क्षति पहुंचाई गई है।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि हमलों से इनकार करना पाकिस्तान की दोहरी नीति का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि बहावलपुर में जैश–ए–मोहम्मद के मुख्यालय पर हमला वॉल स्ट्रीट जर्नल के पत्रकार डेनियल पर्ल की हत्या का उचित जवाब है।

इस बीच, सीमा सुरक्षा बल ने भी जम्मू और कश्मीर के सांबा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ के बड़े प्रयास को विफल करते हुए कम से कम सात आतंकवादियों को ढेर कर दिया।

**********

जम्मू और श्रीनगर के एयरपोर्ट को पाकिस्तान द्वारा निशाना बनाने की कोशिश के बाद नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो ने लखनऊ, वाराणसी और कुशीनगर सहित देश के सभी एयरपोर्ट के लिये हाई अलर्ट घोषित कर दिया है। सरकार ने देश के चौबीस हवाई अड्डों को बंद रखने की अवधि चौदह मई तक बढ़ा दी है। एयर इंडिया ने कहा है कि जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, चंडीगढ़, भुज, जामनगर और राजकोट के लिए उसकी उड़ानें पंद्रह मई तक रद्द रहेंगी।

इस बीच, उत्तर प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। सरकार ने सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। राजधानी लखनऊ समेत अयोध्या, वाराणसी और भारत नेपाल सीमा से सटे जिलों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

**********

भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल नई दिल्ली में तीनों सेनाओं के प्रमुखों – थल सेना, वायु सेना और नौसेना के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी उपस्थित थे।

इससे पहले, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा स्थिति और भारतीय सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा के लिए नई दिल्ली में उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष, तीनों सेनाओं के प्रमुख और रक्षा सचिव उपस्थित थे।

गृह मंत्री अमित शाह ने भी सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशकों के साथ बैठक की।

**********

केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने लोगों से घबराहट में जरूरी चीजों की जमाखोरी ना करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि देश में सभी आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी कल कृषि मंत्रालय की तैयारियों की समीक्षा की और कहा कि देश के अन्न भंडार भरे हुए हैं। सेना के साथ देश के किसान भी तैयार हैं।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने कहा है कि सभी एटीएम, धनराशि जमा करने की मशीनें और सभी डिजिटल सेवाएं सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने भी लोगों को आश्वस्त किया है कि देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है।

इस बीच, केंद्र ने सभी राज्यों से आपात स्थिति में नागरिक सुरक्षा प्रमुखों को आपातकालीन खरीद का अधिकार देने को कहा है। अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा और होमगार्ड के महानिदेशक विवेक श्रीवास्तव ने कल इस संबंध में राज्यों को पत्र लिखा। एक रिपोर्ट–

**अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों को आवश्यक दवाओं, रक्त, ऑक्सीजन और ड्रामा क्रिकेट की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने एक उच्च स्तरीय बैठक की और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए की सभी आपातकालीन चिकित्सा प्रणाली 24 घंटे मुस्तैद रहे। केंद्र सरकार के अस्पतालों को राज्य और जिला प्रशासन, सशस्त्र बलों और डॉक्टर के क्षेत्रीय संघ और निजी क्षेत्र के अस्पतालों के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा गया है ताकि इमरजेंसी रिस्पांस नेटवर्क को दुरुस्त रखा जा सके। आनंद कुमार के साथ दिवाकर आकाशवाणी समाचार दिल्ली**

**********

सरकार ने सभी मीडिया चैनलों, डिजिटल प्लेटफॉर्म और नागरिकों से रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही की लाइव कवरेज या वास्तविक समय की रिपोर्टिंग न करने को कहा है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में स्टांप और निबंधन विभाग की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने एक करोड़ रुपये तक की रजिस्ट्री पर महिलाओं को एक प्रतिशत स्टांप शुल्क में छूट देने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से भूमि रजिस्ट्री से पहले दस्तावेजों और भूमि स्वामी के अनिवार्य वेरिफिकेशन की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा।

**********